Title: Requested to send a Government Committee to drought-affected Nasik district in Maharashtra and to provide financial assistance.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, मालेगांव के नासिक जिले में काफी सूखा पड़ा हुआ है । यह प्राकृतिक आपदा है और ऐसी स्थिति में मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। महाराट्र के मुख्यमंत्री, श्री विलासराव देशमुख, अच्छा काम कर रहे हैं और नासिक जिले का प्रशासन भी काम कर रहा है, लेकिन आपूर्ति नहीं होने के कारण काम ठप्प हो गया है । मेरा केन्द्रीय सरकार से निवेदन है कि केन्द्र से स्थिति की जानकारी लेने के लिए एक कमेटी भेजी जाए और आर्थिक सहायता केन्द्र सरकार द्वारा दी जाए ।